दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 28 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-176

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रम्प स्टोल्टेनबर्ग की मेजबानी करेंगे

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दो अप्रैल को वाशिंगटन में नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग की मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने जारी बयान में मंगलवार को कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प दो अप्रैल को व्हाइट हाउस में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग की मेजबानी करेंगे। नाटो की 70 वीं वर्षगांठ के सम्मान में राष्ट्रपति और महासचिव बचाव के रूप में गठबंधन की अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के महत्वों पर बल देंगे।

### तंजानिया में पांच संदिग्ध लुटेरे मारे गये

अरुशा (आरएनएस)। तंजानिया के पश्चिमी हिस्से में मंगलवार को पुलिस की गोलीबारी में पांच संदिग्ध सशस्त्र लुटेरों की मौत हो गयी। किगोमा क्षेत्रीय पुलिस कमांडर मार्टिन ओटीनो ने कहा कि किबोंडो-कासुलु मार्ग के साथ रुसोहोको गांव के जंगल में लुटेरों और पुलिस के बीच हुई गोलीबारी। उन्होंने कहा कि पुलिस उस समय आसपास के इलाके में नियमित गश्त पर थी।

### वेनेजुएला में दूसरी बार ब्लैकआउट, स्कूल, कार्यालय बंद

कराकस (आरएनएस)। वेनेजुएला में दूसरी बार बड़े पैमाने पर ब्लैकआउट के बाद मंगलवार को स्कूलों व कार्यालयों को 24 घंटे के लिए बंद रखने का आदेश दिया गया। अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द बिजली की बहाली के लिए काम किया जा रहा है। संचार मंत्री जॉर्ज रोड्रिगेज ने यह जानकारी दी।

### यमन के अस्पताल में हुए हवाई हमले में सात लोगों की मौत

एडेन (आरएनएस)। उत्तर पश्चिमी यमन के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में हुए हवाई हमले में सात लोगों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। अंतर्राष्ट्रीय संस्था सेव द चिल्ड्रेन ने इसकी जानकारी दी। संस्था के अनुसार साडा शहर से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रिताफ ग्रामीण अस्पताल के प्रवेश द्वार के पास पेट्रोल स्टेशन पर एक मिसाइल से हमला किया गया। उन्होंने कहा, यह मिसाइल अस्पताल के मुख्य इमारत से 50 मीटर की दूरी पर जाकर गिरा।

### प्रधानमंत्री 28 मार्च से करेंगे चुनावी रैलियों की शुरूआत

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 और 29 मार्च को छह रैलियों को संबोधित करेंगे। मोदी की ये रैलियां उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना जैसे राज्यों में होंगी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि 28 मार्च को प्रधानमंत्री की रैली उत्तरप्रदेश के मेरठ में, उत्तराखंड के रूद्रपुर और जम्मू कश्मीर के जम्मू में होगी। इसी प्रकार से 29 मार्च को आंध्रप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना में रैली का कार्यक्रम है।

### पहली बार 1000 करोड़ की संपत्ति बेचने को कोर्ट की मंजूरी

**विजय माल्या को बड़ा झटका!**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भगोड़े विजय माल्या को बड़ा झटका लगा है. प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत ने विजय माल्या के 1,000 करोड़ रुपए की वैल्यू के शेयर बेचने की मंजूरी दे दी है. आपको बता दें कि यूनाइटेड ब्रेवरेज (यूबीएल) में माल्या के शेयर हैं जो कोर्ट द्वारा नियुक्त लिचिडेटर द्वारा बेचे जाने थे. इसकी बिक्री को रोकने के लिए विजय माल्या ने याचिका दायर की थी.

### कांग्रेस और भाजपा एक ही थाली के चट्टे-बट्टेः मायावती


लखनऊ (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने गरीबों और किसानों के मामले में दोनों को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे बताया है। मायावती ने ट्वीट किया।

# आईपीएल क्रिकेट मैच में हाईटेक सट्टा पट्टी लिख रहे खाईवाल गिरफ्तार

## सटोरियों के संबंध देश के बड़े शहरों के साथ दुबई तक जुड़े

## हाईटेक कम्प्यूटर सेट सहित लेपटॉप, मोबाईल फोन, टीवी, नगदी जप्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के रामसागरपारा स्थित एक मकान में पुलिस ने छापा मारकर आईपीएल क्रिकेट मैच में चेन्नई व दिल्ली टीम के मैच के दौरान सट्टा पट्टी लिख रहे 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बड़ी संख्या में लेपटाप व मोबाईल फोन सहित वाईस रिकार्डर एवं हाईटेक कम्प्यूटर सेट बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर जानकारी मिली है कि सटोरियों के संबंध दिल्ली, मुंबई व दुबई से जुडा हुआ है। राजधानी में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खेला



रहे लोगों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के सटोरियों के नंबर मौजूद है। सटोरिये हाईटेक कम्प्यूटर सेट के द्वारा आईपीएल मैच के दौरान सट्टा पट्टी लिखते थे। पकड़े गये सभी आरोपी राजधानी के रहने वाले है व इन्हें पहले भी आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा जा चुका है।

मिली जानकारी के अनुसार आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को रामसागर पारा में चेनई व दिल्ली के मध्य हो रहे क्रिकेट मैच में सट्टा पट्टी लिखते पाये जाने पर पुलिस ने अश्वनी शर्मा पिता मनोज शर्मा 33वर्ष निवासी अशोका रतन शंकरनगर पण्डरी रायपुर व मोहित पिता मुरली सोमानी 31 वर्ष निवासी समता कालोनी एवं अंकुर खंडेलवाल पिता सुरेश उम्र 35 साल निवासी रामसागरपारा सहित जय खंडेलवाल पिता सुरेश उम्र 35 साल निवासी रामसागरपारा एवं विवके बिसने पिता हरीशचंद उम्र 25 वर्ष सट्टा पट्टी व लेपटॉप एवं मोबाईल फोन, टीवी सहित नगदी 54 हजार 8 सौ सत्तर रुपये जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 3,4 जुआ एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

# मिशन शक्ति कामयाब, 3 मिनट में 300 किमी दूर अंतरिक्ष में मार गिराया सैटेलाइट

**पीएम मोदी ने बताया**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को राष्ट्र ने नाम अपने संदेश में कहा कि भारत ने आज अपना नाम अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में दर्ज करा दिया है. अब तक दुनिया के तीन देश अमेरिका, रूस और चीन को यह उपलब्धि हासिल थी. भारत चौथा देश है, जिसने यह सिद्धि हासिल की.



प्रधानमंत्री ने कहा, भारत का मिशन शक्ति कामयाब हुआ. भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक लाइव सैटेलाइट को मार गिराया. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में 300 किमी दूर एलईओ (लो अर्थ ऑर्बिट) में एक लाइव सैटेलाइट को मार गिराया है. ये लाइव सैटेसाइट जो कि एक पूर्व निर्धारित लक्ष्य था, उसे एंटी सैटेलाइट मिसाइल (ए-एसएटी) द्वारा मार गिराया गया है.

प्रधानमंत्री ने बताया कि मिशन शक्ति 3 मिनट में कामयाब हो गया. उन्होंने कहा कि इसके लिए मिशन शक्ति के वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं. मोदी ने कहा कि मिशन शक्ति 3 मिनट में कामयाब हो गया. पीएम ने कहा कि हमने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मिशन को नहीं तोड़ा. पीएम मोदी ने जानकारी दी कि 300 किलोमीटर दूरी से लाइव सैटेलाइट को मार गिराया गया.

पीएम ने कहा कि परीक्षण किसी संधि का उल्लंघन नहीं करता.

# पति के टुकड़े-टुकड़े कर सिर नाले में फेंका

**पत्नी की हैवानियत**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। इस इलाके के एक मकान में मिट्टी में टुकड़े-टुक़ड़े कर दबाया गया शव मिला। यह टुकड़े राजेश नामक एक व्यक्ति के थे, जिसकी ये निर्मम हत्या उसी की पत्नी सुनीता ने की थी। जांच में ये सामने आया है कि सुनीता अपनी शादीशुदा जिन्दगी से खुश नहीं थी, इसी लिए उसने अपने पति का कत्ल कर लाश को टुक़ड़ों में दफना दिया। वारदात संबंधी तब पता चला जब मकान मालिक ने जमीन खुदवाने का कारण पूछा, जिसका सुनीता को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। जिस कारण गड्ढे को फिर से खुदवाया गया



और उसके अंदर टुकड़ों में पड़ी लाश को देखकर सभी हक्के बक्के रह गए। खुदाई में शरीर के टुकड़े मिले लेकिन सिर गायब मिला। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महिला सुनीता और राजेश की शादी साल 2006 में ही थी। उस वक्त राजेश 50 साल के थे और सुनीता 25 साल की। बताया गया है कि जब वे करीब एक साल पहले नए घर में शिफ्ट हुए। पति को सुनीता पर शक होने लगा। राजेश को शक था कि पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ सुनीता के अवैध संबंध थे। पुलिस के मुताबिक, वारदात के दिन सुनीता ने अपने बेटे को उसके दोस्त के घर भेज दिया था और लेट लौटने को कहा था। इसके बाद उसने अपने पति राजेश को नशीला ड्रिंक दिया और जैसे ही उसने होश खोए, उसका गला दबा दिया। इसके बाद उसने तब तक चाकू घोंपे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। इसके बाद सुनीता ने राजेश के शव के टुकड़े किए। इसके बाद अपने कमरे के बाहर खाली जगह को खोदा और टुकड़ों को उसमें गाड़ दिया।

# मच्छर काटने से हुई मौत को दुर्घटना मानें या नहीं?

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। क्या मच्छर के काटने से हुई मौत को पर्सनल एक्सिडेंट (दुर्घटना) का केस माना जा सकता है और क्या इस सूरत में पीड़ित पक्ष को बीमा क्लेम मिलेगा? दरअसल सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में यह सवाल उठाए गए.

इस याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के फैसले को पलटते हुए कहा कि कोई व्यक्ति फ्लू या वायरल का शिकार हो तो उसे दुर्घटना नहीं कहा जा सकता. यह महज इत्तेफाक है. आयोग ने अपने फैसले में मलेरिया से हुई मौत को दुर्घटना के दायरे में बताया था.

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और हेमंत गुप्ता की बेंच ने कहा कि मलेरिया और इससे मौत होने को दुर्घटना के कारण हुई मौत कतई नहीं ठहराया जा सकता. वह भी खासकर मोजाम्बिक जैसे देश में, क्योंकि एक रिपोर्ट के मुताबिक वहां हर तीसरा शख्स मलेरिया से पीड़ित होता है.

सुप्रीम कोर्ट ने विश्व स्वास्थ्य संगठन



(डब्ल्यूएचओ) की तरफ 2018 में जारी मलेरिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2017 में मोजांबिक में करीब 1 करोड़ मलेरिया के मामले सामने आए थे और इनमें से 14.7 हजार लोगों की की मलेरिया के कारण मौत हो गई थी.

इससे पहले जिला व राज्य उपभोक्ता अदालत ने भी बीमाकर्ता के हक में फैसला सुनाते हुए मलेरिया से हुई मौत को दुर्घटना करार दिया था. नेशनल इंश्योरेंस ने राज्य उपभोक्ता आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. बीमा कंपनी का कहना था कि बीमा पॉलिसी के दायरे में दुर्घटना आती है.

# पाक से आई 500 करोड़ ड्रग की भारत में होनी थी स्मगलिंग

## गुजरात में पकड़े गए 9 ईरानी नागरिक

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात में समुद्र तट से दूर भारतीय सीमा क्षेत्र में इंडियन कोस्ट गार्ड ने रविवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी बोट पकड़ी है। बताया जा रहा है कि इस पाकिस्तानी बोट ने सुबह करीब 10.15 बजे जैसे ही भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश किया तो पोरबंदर के पास गुजरात एटीएस और ड्रग माफिया के बीच मुठभेड़ हुई।

# पीएम नरेंद्र मोदी फिल्म के चार निर्माताओं को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी फिल्म के चार निर्माताओं को नोटिस भेजा है. चुनाव आयोग ने यह नोटिस कांग्रेस और सीपीआई की शिकायत के बाद भेजा है. कांग्रेस और सीपीएम ने अपनी शिकायत में कहा



था कि यह फिल्म राजनीतिक इरादे से बनाई जा रही है. इसके साथ ही चुनाव आयोग ने दो अख़बारों को भी इसके संबंध में नोटिस भेजा है. इन अख़बारों में 20 मार्च को फिल्म के पोस्टर छापे थे.

सोमवार को कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव आयोग से मिलकर इस फिल्म को लेकर शिकायत की थी. पार्टी ने आरोप लगाया था कि इस फिल्म के जरिए बीजेपी चुनाव में फायदा उठाना चाहती है.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने मुलाकत के बाद कहा कि ये फिल्म संविधान की भावना का उल्लंघन है, हमने चुनाव आयोग से कहा है कि इस फिल्म का मकसद है बीजेपी को राजनीतिक फायदा पहुंचाना. फिल्म के तीन निर्माता बीजेपी से जुड़े हैं. इसके अलावा एक्टर भी बीजेपी का है. फिल्म का डायरेक्टर वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से जुड़ा हुआ है.

उधर महाराष्ट्र नव निर्माण सेना ने भी फिल्म के खिलाफ आवाज़ उठाई है.

# नोटबंदी के खिलाफ फिर एक मंच पर आया विपक्ष

**31 मिनट का वीडियो जारी किया**




नई दिल्ली (आरएनएस)। नोटबंदी के खिलाफ आज समूचे विपक्ष ने सांझा प्रेस कांफ्रेंस की। इस प्रेस कांफ्रेंस में विपक्षी नेताओं को नोटबंदी को अब तक का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए एक वीडियो जारी किया। विपक्ष द्वारा जारी वीडियो में दावा किया जा रहा है कि 31 दिसंबर 2016 के बाद भी बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं की मदद से नोट बदले जा रहे थे। प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल, रणदीप सुरजेवाला, अहमद पटेल, गुलाम नबी आज़ाद, मल्लिकार्जुन खड़गे, राजद के मनोज झा, शरद यादव शामिल रहे।

संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा कि कुछ चौकीदारों ने देश के साथ गद्दारी की है और आम आदमी की जेब से पैसा छीन लिया है। नोटबंदी से देश की जीडीपी पीछे चली गई, किसानों को नुकसान हुआ, छोटे कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़। वीडियो में दिखाया गया कि 5 करोड़ के 500 के नोट आए और 3 करोड़ के 2000 के नोट दे दिए गए, ये सभी 31 दिसंबर 2016 के बाद हुआ है।

मालूम हो कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियां पहले भी केंद्र की एनडीए सरकार पर नोटबंदी को लेकर कई तरह के गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। हालांकि, पहले भी लगाए गए किसी भी आरोप की पुष्टि नहीं हुई है।

# 30 मार्च को रोड शो के बाद नामांकन कर सकते हैं अमित शाह

गांधीनगर (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार अमित शाह आगामी 30 मार्च को एक रोड शो के बाद अपना नामांकन कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि गांधीनगर के बाहरी इलाके कोबा में स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय श्रीकमलम से कलेक्टर कार्यालय जहां वह नामांकन करेंगे, तक एक विशाल रोड शो करने की योजना बनायी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि शाह 30 मार्च को दोपहर 12 बज कर 39 मिनट पर (पार्टी के हिसाब से विजय मुहूर्त जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री और अन्य तमाम नेता शपथ ग्रहण नामांकन आदि करते रहे हैं) को नामांकन भर सकते हैं।



# सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से 6 मजदूरों की मौत

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक रिहायशी इलाके में मिथेन गैस लीक होने की वजह से छह लोगों की मौत हो गई. बताया जाता है कि सीवर साफ करने के दौरान यह हादसा हुआ है. घटना की



सूचना पाकर मौके पर पहुंची राहत और बचाव टीम ने बेहोश लोगों को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर के एक रिहायशी इलाके में सीवर साफ करने का काम चल रहा था. इसी दौरान सीवर से मिथने गैस निकलने लगी और वहां मौजूद कई लोग बेहोश हो गए. लोगों के इस तरह से बेहोश होने की सूचना पाकर मौके पर तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया.

# गुजरात में सीमा के निकट से बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ा

भुंज (आरएनएस)। गुजरात के कच्छ जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रापर क्षेत्र में सीमा के निकट से एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ा है।

बीएसएफ के एक अधिकारी ने आज बताया कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत के निवासी मोहम्मद अली (25) को बल की 37 वीं बटालियन के जवानों से सीमा स्तम्भ संख्या 1015 के पास से पकड़ा। उससे विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# जापान में भूकंप के तेज झटके

टोक्यो (आरएनएस)। जापान के मियाजाकी प्रान्त में क्यूशू द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये जिसकी प्रारंभिक तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी। जापानी मौसम एजेंसी ने यह जानकारी दी। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 9:11 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये जिसका केंद्र ह्युगा-नाडा सागर में था जो प्रशांत महासागर का हिस्सा है। जेएमए ने अपतटीय भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की। भूकंप का केंद्र विशेष रूप से 32.2 डिग्री उत्तर अक्षांश और 132.2 डिग्री पूर्वी देशांतर में सतही गहराई पर था।